हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 6 जून 2026

11 करोड़ों रुपये की सुविधा पर लगा ताला, भट्टू सामुदायिक...



11 गोमाता की सेवा ही सबसे बड़ी मानव सेवा...



## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुलिस चौकी कुलां की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 6.21 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान धारसूल कलां निवासी कर्मजीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस चौकी कुलां प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक जतिन्द्र सिंह ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ नशीले पदार्थों की रोकथाम और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से गश्त पर थे। इसी दौरान नन्हेड़ी रोड पर धारसूल कलां के पास एक युवक पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध परिस्थितियों में खेतों की तरफ भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे तत्परता से काबू किया और पूछताछ की। जब आरोपी की तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से 6.21 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### होटल में हुए हमले में अब तक तीन गिरफ्तार

**सिरसा।** सरकारी स्कूलों में 14 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत कंप्यूटर लैब अटेंडेंट अब लंबित मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। इस सिलसिले में कंप्यूटर लैब अटेंडेंट संघ ने चेतावनी दी है कि आगामी 11 जून को कर्मचारी शिक्षा मंत्री के पानीपत स्थित निवास पर प्रदर्शन करेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि लंबे समय से सरकार और विभाग के समक्ष मांगें रखी जा रही हैं, लेकिन समाधान नहीं होने से कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2024 में हरियाणा सर्विस सिक्योरिटी एक्ट लागू कर कच्चे कर्मचारियों को 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा देने का प्राविधान किया था, लेकिन आज तक इस मामले में कार्रवाई को आगे नहीं बढ़ाया गया है।

### दो युवक व महिला हेरोइन के साथ पकड़े

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त के दौरान महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज सिरसा के नजदीक से बाइक सवार दो युवकों व एक महिला को 14 ग्राम 22 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि सीआईए सिरसा की पुलिस टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम के उद्देश्य से महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिस पर दो युवक और एक महिला सवार थे।

### एटीएम कार्ड बदलकर 1.96 लाख निकाले

**डबवाली।** क्षेत्र के गांव अबूबशहर में एटीएम कार्ड बदलकर एक व्यक्ति से 1.96 लाख रुपए की ठगी हो गई। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अबूबशहर निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका खाता पंजाब नेशनल बैंक की अबूबशहर शाखा में है। बीती 24 मई 2026 को शाम करीब 5.30 बजे वे गांव के डाकघर स्थित एटीएम से पैसे निकालने गए थे।

### बाइक सवार पिता-पुत्र हैरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गांव शेखुपुरिया क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को हेरोइन बरामद की है। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम के प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार की किए गए पिता पुत्र की पहचान सतपाल व ओमप्रकाश निवासी गांव ख्योवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद पुलिस की एक टीम गश्त के दौरान गांव शेखुपुरिया क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान सामने से बाइक सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। फरार होने की कोशिश की तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर दोनों युवकों को काबू कर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 14 ग्राम 91 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

दिन और रात के तापमान में मात्र 11 डिग्री सेल्सियस का फर्क ही रह गया

# जून माह के पहले पखवाड़े में आंधी-बारिश और दूसरे में गर्म हवाओं की जगह उमस भरी गर्मी रहने के बन रहे प्रबल आसार

## शुक्रवार को दिन का तापमान 39 डिग्री दर्ज किया जबकि रात का पारा 28 डिग्री सेल्सियस पर आ गया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मई महीने में मौसम के कई रंग देखने को मिले। जहां पहले पखवाड़े में बैक टू बैक सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादलों की आवाजाही, तेज हवाओं और ओलावृष्टि से तापमान सामान्य से नीचे रहा, वहीं दूसरे पखवाड़े में किसी मजबूत सिस्टम के अभाव में प्रचंड हीटवेव और लू ने लोगों को बेहाल कर दिया। वहीं आईएमडी से शुक्रवार को दिन का तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया जबकि रात का पारा 28 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। यानि दिन और रात के तापमान में मात्र 11 डिग्री सेल्सियस का फर्क ही रह गया है। हालांकि एचएयू हिसार, मौसम विभाग ने 6 जून तक आंधी, तेज हवाएं व बूंदाबांदी की भविष्यवाणी कर रखी है। जिला के कई क्षेत्रों में वीरवार को बारिश भी हुई और तेज हवाएं भी चली। बता रहे हैं कि 15 जून के बाद गर्मी फिर जोर पकड़ेगी और प्री मानसून की बारिश भी हो सकती है।

**सिलसिलेवार ढंग से आएगा मौसम में बदलाव**

जून के पहले 15 दिनों में लगातार आंधी, अंधड़ और हल्की बारिश-बूंदाबांदी की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। पहले पखवाड़े में सिलसिलेवार ढंग से मौसम में बदलाव आएगा। मानसून के जून के अंतिम दिनों या जुलाई की शुरूआत में पहुंचने की संभावना है। जून के महीने में मौसम में बड़े बदलावों के संकेत हैं। इस दौरान देश में 7 से 8 पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में 2 से 4 लो-प्रेशर एरिया और डीप डिप्रेशन बनने की स्थिति बन रही है। इस मानसूनी हलचल के कारण हरियाणा, दिल्ली और एनसीआर के क्षेत्रों में बार-बार मौसम बदलेगा जिससे इस बार जून के पारंपरिक महीने जैसी झुलसाने वाली लू के दिनों में भारी कमी आएगी।



फतेहाबाद। मौसम में बदलाव के बाद आसमान में छाए बादल। फोटो: हरिभूमि

**19 को सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ**

जून के दूसरे पखवाड़े के पहले सप्ताह में लोगों को दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं के कारण आग उगलने वाली गर्मी की जगह उमसभरी और पसीना छुड़ाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ेगा। 19 जून को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। साथ ही अरब सागर में बनने वाले लो-प्रेशर एरिया का असर राजस्थान के रास्ते हरियाणा-एनसीआर तक पहुंचेगा जून गतिविधियां रफ्तार पकड़ेगी। तेज हवाओं के आखिरी में क्षेत्र में प्री-मानसून बादलों की गरज-चमक हो सकती है।

## भांभू गैंगः भूना में दिनदहाड़े हत्या का मामला

# एक्शन में एसपी, सीआईए इंचार्ज निलंबित, एसएचओ पर भी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद/भूना

भूना में बदमाशों द्वारा एक युवक की तेजधार हथियारों से हमला कर हत्या करने के बाद फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर बेहद सख्त रुख में नजर आ रही हैं।

**प्रशासन की बड़ी कार्रवाई के बाद जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त तेज करने के निर्देश दिए**

जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई बड़े प्रशासनिक फेरबदल किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जनता की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वारदात के बाद जवाबदेही तय करते हुए सबसे पहला बड़ा बदलाव भूना थाने में किया गया है। अब विजेंद्र हुड्डा को भूना थाने का नया एसएचओ नियुक्त किया गया है। वे ओमप्रकाश बिश्नोई का स्थान लेंगे, जिन्हें पद से हटा दिया गया है। ओमप्रकाश को इकोनॉमिक सेल में भेजा गया है।





एसपी निकिता खट्टर, सीआईए इंचार्ज अशोक व भूना थाना प्रभारी ओमप्रकाश।



भांभू गैंग प्रभावित लोगों को दी गई सुरक्षा।

इसके अलावा भाभू गैंग से जुड़ी इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस विभाग ने लापरवाही और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सख्त कदम उठाया है। विभाग ने सीआईए टोहाना इंचार्ज अशोक कुमार को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। उनके स्थान पर इंस्पेक्टर कुलदीप मोर को नया सीआईए इंचार्ज बनाया गया है। विभागीय स्तर पर की गई इस कार्रवाई को अपराधियों और ढुलमुल रवैया अपनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ एक कड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। एसपी निकिता खट्टर का कहना है कि लोगों की सुरक्षा करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अपराधियों पर शिकंजा कसने के साथ-साथ पुलिस विभाग अपनी आंतरिक कार्यप्रणाली की भी समीक्षा कर रहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस बड़ी कार्रवाई के बाद जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, भाभू गैंग और अन्य आपराधिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर चौबीसों घंटे कड़ी नजर रखने को कहा गया है। भूना हत्याकांड के तुरंत बाद की गई इन कार्रवाइयों से साफ है कि पुलिस प्रशासन जवाबदेही तय करने और क्षेत्र में कानून का इकबाल बुलंद करने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रहा है।

**चिन्ना हत्याकांड के बाद सुरक्षा व्यवस्था चौकस**

चिन्ना हत्याकांड के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने मृतक सचिन उर्फ चिन्ना के घर के बाहर पीसीआर तैनात कर दी है ताकि परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, वहीं भांभू गैंग से प्रभावित लोगों को भी सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। जानकारी के अनुसार, ठेकेदार पंकज खुराना हत्याकांड के मुख्य गवाह ठेकेदार राजेश उर्फ राजा तथा गोरखपुर क्षेत्र के ठेकेदार राजकुमार उर्फ राजा को पुलिस सुरक्षा दी गई है। राजकुमार पर भांभू गैंग के मुख्य सरगना विक्रम भांभू और उसके साथियों द्वारा पूर्व में कई बार जानलेवा हमले किए जा चुके हैं। पुलिस उप अधीक्षक नर सिंह बिश्नोई बश्नोई का मानना है कि अपराधियों पर सख्ती और पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही तय करने से भूना में शांति एवं सुरक्षा का माहौल मजबूत होगा।

**यह है पूरा मामला**

बता दें कि, मंगलवार रात को भूना निवासी युवक सचिन की तेजधार हथियारों से वार कर हत्या कर दी गई थी। भूना के वार्ड नंबर 5 निवासी राजबीर सिंह का छोटा बेटा सचिन कुमार एक महीना पहले गुरुग्राम की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगा था। 27 मई को वह अपने भतीजे के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर लौटा था। 3 जून को उसे वापस गुरुग्राम जाना था। इससे पहले 2 जून की रात को उसका मर्डर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस पांच युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है। उनकी पहचान खेड़ी चौक भूना निवासी प्रवेश उर्फ मिचू, कंबोज मोहल्ला निवासी कार्तिक उर्फ कारु, भूना निवासी दीपक उर्फ बिल्ला, वार्ड नंबर 1 निवासी संजय उर्फ चिड़ीमार और वार्ड नंबर 9 निवासी अमन के रूप में हुई।

# रतिया के अग्रसेन चौक में बंद कोठी का ताला तोड़कर बड़ी चोरी

## तिजोरी उखाड़कर आंगन में फैंकी

- परिवार के सदस्य पिछले कई महीनों से चंडीगढ़ में रह रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शहर के व्यस्त और सुरक्षित माने जाने वाले अग्रसेन चौक, मॉडल टाउन क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक बंद कोठी को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने न केवल कमरों की अलमारियां खंगालीं, बल्कि घर में रखी भारी तिजोरी को भी उसकी जगह से उखाड़कर आंगन तक पहुंचा दिया।

इस घटना से स्थानीय निवासियों में दहशत और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी चिंता है। यह कोठी स्वर्गीय भगवान दास गर्ग के परिवार की है। परिवार के सदस्य पिछले कई महीनों से चंडीगढ़ में रह रहे हैं और कभी-कभार ही रतिया आते हैं। दोपहर को परिवार की एक महिला सदस्य ने जब मोबाइल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से देखा, तो उन्हें घर की एक खिडक़ी खुली हुई नजर आई। उन्होंने तुरंत पड़ोसियों को फोन कर खिडक़ी बंद करने को कहा। जब पड़ोसी कोठी के भीतर दाखिल हुए, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। घर के लगभग सभी कमरों का सामान बिखरा पड़ा था, अलमारियां खुली थीं और भारी-भरकम तिजोरी को मुख्य स्थान से हटाकर बाहर आंगन तक लाया गया था। परिजनों के मुताबिक, रात से ही कैमरों की लाइव फीड अचानक बंद हो गई थी। अंदेशा है कि चोरों ने वारदात से पहले पूरे सुरक्षा तंत्र को बंद कर दिया था। स्थानीय लोगों का मानना है कि जिस इत्मीनान से चोरों ने पूरे मकान को खंगाला और भारी तिजोरी को खिसकाया, उससे साफ है कि वारदात पूरी योजना बनाकर की गई थी। चोरी किए गए कुल सामान, नकदी या जेवरात का सही अंदाजा परिवार के सदस्यों के चंडीगढ़ से रतिया पहुंचने के बाद ही लग पाएगा।



रतिया। चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान।

**डायल-112 की मौके पर पहुंची**

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और शहर थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में लगे अन्य कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

- फतेहाबाद में 87 .35 % श्रमिकों की ई-केवाईसी का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम करने वाले श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। भारत सरकार और हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे। जिला फतेहाबाद में अब तक कुल 1 लाख 7 हजार 575 सक्रिय श्रमिकों में से 93 हजार 961 श्रमिकों की ई-केवाईसी का काम पूरा किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 87.35 प्रतिशत है। शेष बचे श्रमिकों की ई-केवाईसी को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रशासन द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी ग्राम सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ई-केवाईसी से वंचित रहे श्रमिकों की पहचान करें और उन्हें जागरूक कर समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी करवाएं। जिले के विभिन्न खंडों में इस कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है। आंकड़ों के अनुसार, जाखल खंड में 93.15 प्रतिशत, टोहाना में 91.86 प्रतिशत और भूना में 90.79 प्रतिशत श्रमिकों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है।

**निरस्त हो सकते हैं जॉब कार्ड**

जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मनरेगा) सुरेश कुमार ने बताया कि जिन मनरेगा श्रमिकों की अभी तक ई-केवाईसी नहीं हुई है, वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के माध्यम से जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी करवाएं। ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले श्रमिकों के जॉब कार्ड नियमानुसार निरस्त किए जा सकते हैं, जिससे उन्हें भविष्य में मनरेगा के तहत रोजगार प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

# अमेरिका भेजने के नाम पर 33 लाख की ठगी

- पुलिस लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

विदेश भेजने के नाम पर भोले-भले युवाओं को अपना शिकार बनाने वाले कबूतरबाजों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस ने सफलता हासिल की है। जिला पुलिस की इकोनॉमिक सेल ने अमेरिका भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुखविंदर सिंह उर्फ सुखा निवासी पोखरी ढाणी, धारसूल कलां के रूप में हुई है। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि टोहाना क्षेत्र के गांव दिवाना निवासी रविन्द्र सिंह ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता रविन्द्र ने बताया कि आरोपियों ने उसके भाई प्रतीक सिंह को अमेरिका भेजने का झांसा दिया था और इसके बदले 36 लाख रुपये की मांग की थी। भाई को सुनहरे भविष्य के लिए विदेश भेजने की चाह में पीड़ित परिवार ने आरोपियों को अलग-अलग किस्तों में कुल 36 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। रकम ऐंठने के बाद आरोपियों ने धोखाधड़ी की। उन्होंने प्रतीक सिंह को अमेरिका भेजने के बजाय दुबई की फ्लाइट में बैठा दिया।



फतेहाबाद। धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार युवक। फोटो: हरिभूमि

**ऐसे हुआ ठगी का अहसाहस**

जांच अधिकारी ने बताया कि जब पीड़ित परिवार को ठगी का अहसाहस हुआ और उन्होंने अपनी राशि वापस मांगी, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। काफी दबाव बनाने के बाद आरोपियों ने भुगतान के लिए जो चेक दिए, बैंक में लगाने पर वे भी फर्जी पाए गए। गहन जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बदनामी और पुलिस से बचने के लिए शिकायतकर्ता को केवल 3 लाख रुपये ही वापस किए, जबकि बाकी के 33 लाख रुपये पूरी तरह हड़प लिए।

**सुनवाई** अधिकारियों के ढुलमुल रवैये पर कड़ी फटकार लगाने के बाद मंत्री का कड़ा रुख

# बिजली, दूषित पानी और अवैध कालोनियों पर आठ जून को मंत्री के दरबार में होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री और फतेहाबाद ग्रीवेंस कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन कृष्ण बेदी आगामी 8 जून को जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक लेंगे। पिछली बैठक में अधिकारियों के ढुलमुल रवैये पर कड़ी फटकार लगाने के बाद, इस बार मंत्री ने कड़ा रुख अपनाया है। विभागाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इस बार केवल फाइलों के साथ नहीं, बल्कि शिकायतकर्ताओं को भी पहले से सूचित कर बैठक में लेकर आएं, ताकि आमने-सामने मामलों का निपटारा हो सके। इस बैठक में कुल 12 मामले रखे जाएंगे, जिनमें पिछली बैठक के 9 पेंडिंग मामले और 3 नए एजेंडे शामिल हैं। पिछले महीने 23 मई को हुई बैठक के बाद मंत्री का पूरा फोकस पुरानी शिकायतों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करने पर रहेगा।



फतेहाबाद। मामलों की सुनवाई करते केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।


**इस बार शामिल होने वाले 3 नए मामले**

⏭भूना की ऑफिसर कॉलोनी निवासियों ने घरों के ऊपर से गुजर रही 11 केवी की हाई-टेंशन बिजली लाइनों से जान-माल का खतरा बताते हुए उन्हें हटवाने की मांग की है। ⏭योग नगर, फतेहाबाद की एक महिला ने कुछ लोगों पर अपने परिवार को धमकाने, मारपीट और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। शिकायत में स्थानीय पुलिस पर भी कार्रवाई न करने के गंभीर आरोप हैं।
⏭गांव फूलां और अलीपुर बरोटा के किसानों ने नहरी खाल (सिंचाई के खाले) को अवैध रूप से खत्म करने की शिकायत दर्ज कराई है।

# हरे पेड़ उखाड़ने में ठेकेदार पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭रानियां

गांव फिरोजाबाद के श्मशान घाट में चारदीवारी निर्माण के दौरान पंचायती भूमि पर लगे हरे पेड़ों को उखाडऩे और नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं मामला अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) तक पहुंच गया है, जहां पर्यावरणीय नुकसान का वैज्ञानिक आकलन करवाकर जिम्मेदारी तय करने की मांग की गई है। थाना रानियां पुलिस ने इस मामले में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को शिकायतकर्ता दर्शाते हुए ठेकेदार यशपाल सेतिया के खिलाफ धारा 3 पीडीपीपी एक्ट एवं धारा 324(3) बीएनएस के तहत मुकदमा नंबर 238 दर्ज किया है। एफआईआर में ग्राम पंचायत फिरोजाबाद के प्रस्ताव, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की अनुशंसा तथा उपायुक्त के निर्देशों का भी उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच में स्थिति स्पष्ट होने के बावजूद कार्रवाई में देरी कई सवाल खड़े करती है।अब मुकदमा दर्ज होने के बाद निगाहें पुलिस जांच पर हैं।



# सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

लाइफ Style



# तमन्ना
## आध्यात्मिक जर्नी की दिखाईं झलकियां

तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।

## हॉलीवुड मसाला



# आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाजः रे रोमानो), डिएगो (आवाज़ः डेनिस लेरी), सिड (आवाज़ः जॉन लेगुइज़ामो), बक (आवाज़ः साइमन पेग) और एली (आवाज़ः क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नज़र आते हैं।



# एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।



# पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका
## सारी फिल्में हो गईं चित

**नई दिल्ली।** 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।



# फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

**मुंबई।** गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

## टीवी मसाला



# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

**नई दिल्ली।** आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

## 41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी

**नई दिल्ली।** बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने



निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज

# दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग



**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

# गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का



**मुंबई।** रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

## बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन

# वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

**शैतान (2024):** इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

**द बाबाडूक (2014):** यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।



**सेंट मॉड (2020):** अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

**भूतकालम (2022):** मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

**तुम्बाड (2018):** भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

**बिहाइंड हर आइज (2021):** अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

**मिजरी (1990):** मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

**खबर संक्षेप**

## पराली प्रबंधन कृषि यंत्रों पर मिलेगा 50% अनुदान

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्र किसान 15 जून तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने बताया कि व्यक्तिगत श्रेणी के तहत किसानों को सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर, श्रेडर, मल्चर, श्रबमास्टर, रोटरी स्लेशर, हाईड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी प्लॉव, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, बेलिंग मशीन (बेलर व स्ट्रा रेक), स्वचालित क्रॉप रिपर, ट्रैक्टर चालित क्रॉप रिपर, ट्रैक्टर चालित लोडर तथा टेडर मशीन जैसे कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

**रतिया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को गांव मुंशीवाली स्थित राजकीय विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वच्छ, सुरक्षित और हरित पर्यावरण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, भूजल स्तर में गिरावट तथा प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन गंभीर चिंताओं का विषय है।

## वन एवं जीव-जंतु विभाग ने मांगी 5 एकड़ जमीन

**सिरसा।** पर्यावरण, वन, जीवजंतु विभाग हरियाणा की ओर से डबवाली खंड के गांव गंगा की पंचायत से वन जीवों की ट्रीटमेंट हेतु सेंटर बनाने के लिए 5 एकड़ जगह की मांग की गई है। गांव में स्व. सहीराम बिश्नोई की स्मृति में ट्रीटमेंट सेंटर बनाने की सीएम नायब सिंह सैनी ने हाल ही में घोषणा की थी। विभाग की ओर से ग्राम पंचायत को पत्र लिखकर पंचायती जमीन दिए जाने का आग्रह किया है ताकि सीएम घोषणा के अनुसार गांव में वन्य जीवों के कल्याण हेतु उपचार केंद्र बनाया जा सकें।

## सिरसा की पहचान बनेगी 'अमारा ग्रीन' कॉलोनी

**सिरसा।** श्रीमत ग्रुप द्वारा वैदवाला रोड पर करीब 58 एकड़ में अमारा ग्रीन कालोनी का विकास किया जा रहा है। जिसमें करीब 23 प्रतिशत में रिहायशी कालोनी होगी, जिसमें 358 रिहायशी प्लॉट है। कालोनी में करीब 40 प्रतिशत में औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा, जिसमें 146 इंडस्ट्रियल प्लॉट रखे गए हैं। श्रीमत ग्रुप के श्रीमत ब्रिज एलएलपी द्वारा इसका विकास किया जा रहा है। जिसमें तमाम सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। कालोनी के विकास का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। हुडा सेक्टर-19-20 से सटी इस विशाल कालोनी में 15 से 24 मीटर चौड़ी सडक़े होंगी। नाम के अनुसार पूरे क्षेत्र को हरियाली से परिपूर्ण किया जा रहा है। इस कालोनी में मूलभूत सुविधाओं पेयजल, सीवर, बिजली, सडक़ के अलावा महानगरीय तर्ज पर अति आधुनिक क्लब का निर्माण करवाया जाएगा।

## डॉ. राधिका ने किया श्री गोशाला का भ्रमण

**सिरसा।** श्री गोशाला सिरसा में कथावाचिका डॉ. राधिका ने शुक्रवार को श्री गोशाला सिरसा का भ्रमण किया। गोशाला भ्रमण के दौरान डॉ. राधिका ने गोवंश को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर सेवा की तथा गोसेवा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। इस दौरान डॉ. राधिका ने गोसेवा एवं गौमाता के महत्व बारे कहा कि भारतीय संस्कृति में गोमाता को विशेष स्थान प्राप्त है। गोसेवा करने से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति, सुख एवं पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि गोमाता केवल पशु नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था एवं सनातन परंपरा की पहचान है।

# करोड़ों रुपये की सुविधा पर लगा ताला, भट्टू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एक्स-रे मशीन कमरे में बंद, मरीजों को हो रही परेशानी

अस्पताल प्रशासन की ओर से ऑपरेटर की कमी को इसका प्रमुख कारण बताया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधा के लिए स्थापित की गई एक्स-रे मशीन कई महीनों से कमरे में बंद पड़ी है। मशीन उपलब्ध होने के बावजूद इसका लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा, जिससे स्थानीय लोगों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन लंबे समय से उपयोग में नहीं है। अस्पताल प्रशासन की ओर से ऑपरेटर की कमी को इसका प्रमुख कारण बताया जा रहा है। मशीन वाले कक्ष पर ताला लगा होने के कारण मरीजों को एक्स-रे जैसी बुनियादी जांच के लिए निजी सेंटरों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है।



भट्टूकलां। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र। फोटो : हरिभूमि

### जमीनी स्तर पर इन सुविधाओं का लाभ नहीं मिला

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन सुविधाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच रहा। अस्पताल में मशीन होने के बावजूद मरीजों को निजी केंद्रों पर जांच करवानी पड़ रही है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि कई वर्षों से बनी हुई है। कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष मामला उठाया गया, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया। लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से सवाल किया है कि जब अस्पताल में एक्स-रे मशीन उपलब्ध है तो उसका संचालन क्यों नहीं किया जा रहा। यदि ऑपरेटर की कमी है तो उसकी नियुक्ति कब तक होगी। लोगों का कहना है कि सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सुविधाएं जनता तक पहुंचनी चाहिए, न कि अस्पतालों में बंद कमरों में धूल फांकती रहें। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि एक्स-रे मशीन को शीघ्र चालू कराया जाए तथा आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की जाए, ताकि मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही जांच सुविधा उपलब्ध हो सके।

### समाधान नहीं होने पर आवाज उठाएंगे

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे इस मुद्दे को लेकर व्यापक स्तर पर आवाज उठाने को मजबूर होंगे। भट्टू कलां का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के हजारों लोगों के स्वास्थ्य का केंद्र है, ऐसे में बुनियादी सुविधाओं का बंद होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

## अयाल्की गोशाला में स्वामी सदानंद जी महाराज ने किया शेड का उद्घाटन

# गोमाता की सेवा ही सबसे बड़ी मानव सेवा व साक्षात ईश्वर की आराधना : स्वामी सदानंद

- समारोह में जिला के उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने गोसेवा के लिए सभी से आगे आने की अपील की
- कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गोवंश के संरक्षण और बेसहारा गायों की सेवा की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए स्वामी सदानंद प्रणामी गौसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला, अयाल्की में नए पशु शेड का निर्माण करवाया गया है। 10 लाख रुपये की लागत से तैयार हुए इस विशाल शेड का विधिवत उद्घाटन आज पूज्य संत शिरोमणि श्री श्री 108 डॉ. स्वामी सदानंद जी महाराज के कर-कमलों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस समारोह में जिला के उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

ट्रस्ट के मुख्य सेवादारों और ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। गोभक्तों और ग्रामीणों अपने दिव्य वचनों से निहाल करते हुए श्री श्री 108 डॉ. स्वामी सदानंद जी महाराज ने कहा कि गौमाता की सेवा ही सबसे बड़ी मानव सेवा और साक्षात ईश्वर की आराधना है। सनातन धर्म में गाय को पूजनीय माना गया है क्योंकि उसमें समस्त देवी-देवताओं का वास होता है। इस तपती गर्मी और आगामी बरसात के मौसम में बेसहारा गौवंश को सुरक्षित आश्रय देना हमारा परम कर्तव्य है।

समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर गोशालाओं के सुदृढ़ीकरण में अपना योगदान देना चाहिए ताकि कोई भी गाय सडक़ों पर बेसहारा न घूमे।

### 210 गायों की सुरक्षा के साथ होगी बेहतर सेवा


फतेहाबाद। मुख्य अतिथि को सम्मानित करते स्वामी सदानंद जी महाराज। फोटो : हरिभूमि

### ट्रस्ट ने ग्राम पंचायत और दानियों का आभार व्यक्त किया

समारोह के दौरान ट्रस्ट के मुख्य सेवादार विनोद तायल और अशोक भुक्कर ने आए हुए स्वामी जी व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सेवादारों ने बताया कि संत शिरोमणि श्री श्री 108 डॉ. स्वामी सदानंद जी महाराज के पावन आशीर्वाद और दिशा-निर्देशन में अब तक 113 गोशालाओं का निर्माण व जीर्णोद्धार करवाया जा चुका है, जो अपने आप में गोसेवा की एक अनूठी मिसाल है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अयाल्की स्थित इस श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला में 210 गायों की पूरे सेवा भाव के साथ देखभाल और चिकित्सा की जा रही है। इस अवसर पर फतेहाबाद के प्रमुख समाजसेवी देवीदयाल तायल, राजेश मंगला, ग्राम पंचायत अयाल्की की सरपंच कविता देवी एवं सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, गोभक्त विष्णु और राजेश पारचा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित ग्रामीणों और अतिथियों ने गोशाला परिसर में परिक्रमा कर गोमाता का आशीर्वाद लिया। ट्रस्ट के सेवादारों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी ग्राम पंचायत और दानी सज्जनों का आभार व्यक्त किया।

### उपायुक्त ने की प्रशंसा

समारोह को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने ट्रस्ट के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर जिला में गौवंश संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जब तक स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट जैसी सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं और आमजन इस मुहिम से नहीं जुड़ेंगे, तब तक पूर्ण सफलता संभव नहीं है। 10 लाख की लागत से बनाया गया यह आधुनिक शैड इस भीषण गर्मी में मूक पशुओं को बड़ी राहत देगा। अयाल्की गौशाला की व्यवस्थाएं और यहां की जा रही सेवा अनुकरणीय है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण




### भाविप ने महिला थाने में किया पौधारोपण

**सिरसा।** भारत विकास परिषद की शहीद भगत सिंह शाखा द्वारा पर्यावरण दिवस पर महिला थाना सिरसा में पौधारोपण किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुनीता, सब इंस्पेक्टर कोमल, एएसआई सीमा द्वारा भी एक एक पौधा रोपित किया गया। इस कार्यक्रम में ड्रग एवं खाद्य विभाग इंस्पेक्टर सुनील मेहला ने विशेष सहयोग किया। रेडक्रॉस से अश्विनी कुमार शर्मा ने भी पौधारोपण किया व भाविप शाखा द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी सुनीता ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण समय की मांग है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। शाखा सदस्यों में अविनाशकांत शर्मा, रामचंद्र चावला, विवेक कुमार शर्मा, विनय आनंद शर्मा, विकास रहेजा, बलबीर सोनी व उनके पिता ने शाखा को पौधे भेंट किए।

### सखी चेरिटेबल ट्रस्ट ने रोपे पौधे, दिया पर्यावरण का संदेश

**सिरसा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम आह्वान से प्रेरित होकर सखी चैरिटेबल ट्रस्ट, भारत विकास परिषद और माधव शाखा सिरसा तथा राधे-राधे ग्रुप द्वारा शुक्रवार को शहर के नेहरू पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पौधे लगाए और संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ को अपनी मां के समान स्नेह, संरक्षण और देखभाल देंगे। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच पौधारोपण ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस मौके पर सखी चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष एडवोकेट भावना शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस आह्वान से प्रेरित होकर देशभर में जागरूक लोगों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है।



### पर्यावरण सुरक्षा को न्यायिक परिसर में किया पौधरोपण

**टोहाना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्थानीय न्यायिक परिसर, टोहाना में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हर्ष कुमार सिंह और सिविल जज, जूनियर डिवीजन तन्वी गर्ग ने न्यायिक परिसर में पौधे लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण का एक सकारात्मक और सशक्त संदेश दिया। सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हर्ष कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सभी का परम नैतिक और सामाजिक दायित्व है। सिविल जज जूनियर डिवीजन तन्वी गर्ग ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्यों का निरंतर स्मरण कराता है। हमारा दायित्व केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर न्यायिक परिसर के अन्य अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



### कॉलेज परिसर में रोपे पौधे, पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

**भूना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा भूना और राजकीय महाविद्यालय भूना के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण एवं पक्षियों के लिए सकोरे लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष कृष्ण कुमार कचोरिया और महाविद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ज्याणी ने की। गतिविधि संयोजक एवं पर्यावरण प्रोफेसर अनिल कुमार के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों को चिन्हित कर विद्यार्थियों के सहयोग से पौधे लगाए गए। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सकोरे भी लगाए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड फतेहाबाद के एसडीओ दीपक खटकड़ ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों से लगाए गए पौधों तथा सकोरों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। इस अवसर पर शाखा के पूर्व प्रधान सुशील गिरधर, कैलाश शर्मा, सुनील लीखा, सुरेश बटला, डॉ. जितेंद्र तूर, राजेश खरोलिया, आशु सिंगला, बालकृष्ण गिरधर, मदन लाल ठाकुर, प्रोफेसर सुनील कंबोज तथा राम प्रताप गर्ग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### पीएम श्री स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों का दल समर एडवेंचर कैंप के लिए मनाली रवाना

**फतेहाबाद।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें प्रकृति से जोडने के उद्देश्य से पीएम-श्री स्कूलों के छात्र-छात्राओं का एक विशेष दल हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एडवेंचर कैंप के लिए मनाली, हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हुआ। यह दल तीन शिक्षकों और प्राचार्य के नेतृत्व में रवाना हुआ है, जो अपना टूर पूरा करने के उपरांत 10 जून को वापस फतेहाबाद पहुंचेगा। इस समर कैंप के लिए जिले के 14 पीएमश्री स्कूलों से 28 छात्र और 42 छात्राओं का चयन किया गया तथा बच्चों की सुरक्षा और मार्गदर्शन के लिए इनके साथ एक पुरुष तथा दो महिला शिक्षक एस्कॉर्ट के रूप में शामिल हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अनिता बाई और जिला परियोजना संयोजक बलवान सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके इस कैंप के लिए शुभकामनाएं दीं। इस भ्रमण दल को जिला विज्ञान विशेषज्ञ मुकेश मेहता, एपीसी निहाल सिंह, प्रिंसिपल मनीष कुमार और तरुण गेरा ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। एपीसी निहाल सिंह ने बताया कि इस शैक्षणिक और एडवेंचर टूर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रकृति के करीब लाना है।

### 7 को मनाएंगे श्री अरूट जी महाराज की जयंती



**फतेहाबाद।** आगामी 7 जून को टोहाना के शगुन मैरिज पैलेस में आयोजित होने वाला श्री अरूट जी महाराज जयंती महोत्सव समाज की एकता, संस्कृति और धार्मिक मूल्यों को सशक्त बनाने वाला एक ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध होगा। यह बात नगर परिषद के पूर्व प्रधान दर्शन नागपाल ने कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी देते हुए कही। उन्होंने बताया कि टोहाना के इतिहास में पहली बार इतने बड़े और भव्य स्तर पर इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह को सफल बनाने में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा का विशेष योगदान और अथक प्रयास रहे हैं।



### अमृता देवी सिटीजन वाटिका में उमड़े पर्यावरण प्रेमी, रोपे कई प्रकार के पौधे

**फतेहाबाद।** अमृता देवी सिटीजन वाटिका में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ओनली वन अर्थ की वैश्विक थीम के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नागरिक अधिकार मंच और संजीवनी वाटिका नेचर केयर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के पर्यावरण प्रेमियों ने हिस्सा लिया। शहर के पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ इस दौरान वाटिका में गुलमोहर, कनेर, बोगनवेलिया सहित कई प्रजातियों के छायादार व सुंदर पौधे रोपित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डीएमसी प्रवीन कुमार ने स्वयं पौधारोपण कर उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. एचसी दहिया और उषा दहिया ने भी अपने विचार रखे। हरनाम दास भादू ने मर्मस्पर्शी कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर नई पीढ़ी की भागीदारी भी देखने को मिली, जहां बच्चों में दिपेन बाना, हर्षिता, हार्दिक और कनिष्का ने खुद अपने हाथों से पौधे लगाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजपाल मित्ताथल, आनंदवीर गिल्लाखेड़ा, राजीव सेतिया, अनिल वधवा, अनूप धूड़िया, पार्षद सुखदेव आदि मौजूद रहे।

### शनिवार को ई-दिशा केंद्र रहेगा खुला

**फतेहाबाद।** जिला राजस्व अधिकारी श्यामलाल ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए शनिवार, 6 जून को लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा केंद्र निर्धारित समयानुसार खुला रहेगा। नागरिक यहां पहुंचकर अपनी फर्द प्राप्त करने सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। बता दें कि पिछले 20 दिनों से लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा केन्द्र में भूमि पंजीकरण और जमीन रिकॉर्ड से जुड़े वेब हालरिश पोर्टल के धीमा चलने या बंद रहने के कारण किसानों और आम नागरिकों के जरूरी कार्य पूरे नहीं हो पा रहे थे। दूरदराज से लोग यहां आते और दिनभर बैठकर वापस लौट जाते थे। अब पोर्टल के चालू होने से लोगों को कुछ राहत मिली है। शनिवार को अवकाश होने के बावजूद ई-दिशा केन्द्र में रजिस्ट्री कार्यालय खुला रहेगा।

## हरा-भरा सिरसा 2.0 का शुभारंभ 23 जुलाई से, 5 अगस्त तक चलेगा राज्यव्यापी पौधरोपण अभियान

# पर्यावरण सुरक्षा को पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल का लें संकल्प : जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला द्वारा राज्य स्तरीय पौधरोपण अभियान (ट्री प्लांटेशन ड्राइव) का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। यह अभियान 5 अगस्त 2026 तक पूरे हरियाणा में चलाया जाएगा। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति दीपक सिब्बल, सचिव जगदीप सिंह तथा संयुक्त सदस्य सचिव मालविका यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान का शुभारंभ किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदल के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में सभी न्यायिक अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बगोतिया ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण, वनों की कटाई और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर चुनौतियां पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बन चुकी हैं।

ऐसे में विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति के संरक्षण के प्रति अपनी सामूहिक जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिरसा जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में भी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा पौधों की नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न सार्वजनिक कार्यालयों एवं अन्य स्थानों पर भी पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदल के मार्गदर्शन में सिरसा जिले को हरित एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से हरा-भरा सिरसा 2.0 अभियान 23 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



सिरसा। पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करते न्यायाधीश पुनीश जिंदल।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में हुआ पौधारोपण

**सिरसा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने की। प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरणीय संतुलन निरंतर प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी नियमित देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

डॉ. विक्रमजीत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवनदायी आधार हैं। वे न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, भूमि संरक्षण तथा जैव विविधता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। इस दौरान भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. रोहताश ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष रूप से फलदार पौधों का रोपण किया गया है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पोषण एवं जैव विविधता को भी बढ़ावा देंगे।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों में कपिल कुमार सैनी, सतपाल, किरण बाला, बलजीत, सुखविंद्र कौर, ओमप्रकाश, ललित कुमार, रितु रानी, प्रमिला तथा सोहन सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मेधावी छात्राओं को मिलेगा प्रोत्साहन

**सिरसा।** पीएनडीटी नोडल अधिकारी डा. संजय कुमार ने बताया कि पुरस्कार राशि का उपयोग गांवों में बेटियों के सशक्तिकरण के लिए किया जाएगा। इसके तहत उस वर्ष में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली तीन मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी। राशि को छात्रा और उसकी माता (माता जीवित न होने पर पिता) के संयुक्त खाते में जमा कराया जाएगा। कुल पुरस्कार राशि में से 50 प्रतिशत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा, 30 प्रतिशत द्वितीय तथा 20 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को दिया जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में जुटे नंबरदार

**सिरसा।** नंबरदार एसोसिएशन की बैठक टाऊन पार्क में हुई। बैठक में सभी नंबरदारों ने अपने-अपने सुझाव दिए। नंबरदारों ने पर्यावरण के दिवस पर टाऊन पार्क में पौधारोपण भी किया। प्रधान जगजीत सिंह ने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से पराली न जलाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेवारी है।

### चोर गिरोह का पर्दाफाश पांच आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** बडागुढ़ा थाना पुलिस ने चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा सोना-चांदी के आभूषण तथा मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। बडागुढ़ा थाना प्रभारी ने बताया कि गांव बडागुढ़ा निवासी सुखपाल सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि बीती 31 मई की रात गांव को माता मंदिर में भंडारे का आयोजन था, जिसमें वह अपने परिवार सहित शामिल होने के लिए घर से गए हुए थे। अगले दिन सुबह जब वे घर लौटे तो मुख्य गेट तथा घर में रखी अलमारी के ताले टूटे हुए मिले। घर का सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर अलमारी में रखा 8 तोला सोना-चांदी के आभूषण तथा एक मोबाइल फोन चोरी मिले।

### गोशाला जमाल में 1419 गोवंश को लगाई वैक्सीन

**चोपटा।** जमाल स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती गौशाला में गोवंश को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान पशुपालन विभाग की टीम द्वारा गौशाला में मौजूद 1419 गोवंश को मुंह-खुर एवं गलघोटू रोग से बचाव हेतु वैक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर गौशाला कमेटी के प्रधान ओम प्रकाश कसवां, शेर सिंह पूनिया, जगदीश छिपा, मदन लाल सहित अन्य गोसेवक भी मौजूद रहे। डॉक्टर विजय सिंह बेनीवाल ने बताया कि मुंह-खुर एवं गलघोटू पशुओं में फैलने वाले अत्यंत संक्रामक रोग हैं, जिनसे बचाव के लिए समय-समय पर टीकाकरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है। गोशाला प्रबंधन ने बताया कि पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम की दिशा में यह बड़ा कदम है।

## दरियापुर गांव ने रचा नया इतिहास

# पेयजल की जिम्मेदारी संभालने वाली खंड की पहली पंचायत बनी

सरपंच सुमन रानी ने जलापूर्ति प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंधन को लेकर फतेहाबाद खंड के गांव दरियापुर ने नई पहल करते हुए एक मिसाल कायम की है। गांव की ग्राम पंचायत ने सरकार की ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओ एंड एम) पॉलिसी-2026 के तहत पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी अपने हाथों में लेकर खंड की पहली पंचायत बनने का गौरव हासिल किया है।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित ग्राम सभा में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के संरक्षण पर चर्चा की गई तथा पौधारोपण भी किया गया। इसी दौरान ग्राम पंचायत दरियापुर की सरपंच सुमन रानी ने जलापूर्ति प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।अब पंचायत करेगी जलापूर्ति व्यवस्था का संचालनजन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि ओ एंड एम पॉलिसी-2026 का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना है। इस नीति के तहत अब ग्राम पंचायतें जलापूर्ति व्यवस्था के संचालन में सीधे भागीदारी निभाएंगी।

### गांव को ये होगा फायदा

उन्होंने बताया कि पाइपलाइन की निगरानी, पंपों का संचालन, जल वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना तथा पेयजल से जुड़ी छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान करने की जिम्मेदारी पंचायत के पास होगी। इससे स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। स्थानीय भागीदारी और महिला नेतृत्व को मिलेगा बढ़ावाजिला सलाहकार ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास योजनाओं में स्थानीय भागीदारी को मजबूत करने के साथ-साथ महिला नेतृत्व को भी बढ़ावा दे रही है। पंचायतों को जिम्मेदारी मिलने से जवाबदेही बढ़ेगी और ग्रामीणों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। साथ ही जलापूर्ति व्यवस्था की निगरानी भी अधिक प्रभावी तरीके से हो पाएगी। आत्मनिर्भर गांव की दिशा में बड़ा कदमग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि सरपंच सुमन रानी के नेतृत्व में गांव की जल प्रबंधन व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर संचालन होने से ग्रामीणों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। ग्रामीणों ने इस पहल को आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार, ग्राम सचिव रोशन लाल, बलबीर सिंह, राकेश कुमार, शमशेर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

## 650 प्रशिक्षुओं को विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आईटीआई में साधकों ने किया अभ्यास

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में तनाव मुक्ति के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। योगाभ्यास करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

सिरसा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सिरसा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्र पाल नागर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान योग सहायकों पंकज, इंद्रजीत, मोनिका, आईना एवं हेमलता ने संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा लगभग 650 प्रशिक्षुओं को विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाए। साथ ही योग के महत्व, इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पडऩे वाले सकारात्मक प्रभावों तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा शरीर रोगों से लडऩे में अधिक सक्षम बनता है।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को योग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य बुधराम कंबोज, हरीश कुमार, अनिल कुमार, गुरदयाल सिंह, बीरेंद्र सिंह, मनदीप कौर सहित संस्थान के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नंदीशाला व पशु औषधालय में चलाया टीकाकरण अभियान



**फतेहाबाद।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में गौवंश को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से मुंहखुर-गलघोटू टीकाकरण अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम मताना स्थित श्री कृष्ण प्रणामी नंदीशाला में विभागीय टीम द्वारा गौवंश का टीकाकरण किया गया। अभियान का संचालन डॉ. सुरेंद्र सिंह चौहान, पशु चिकित्सक, राजकीय पशु चिकित्सालय बीघड़ की अध्यक्षता में किया गया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह लोहट ने नंदीशाला का दौरा कर टीकाकरण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने टीकाकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए नंदीशाला में उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. लोहट ने कहा कि मुंहखुर-गलघोटू जैसी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। विभाग का लक्ष्य जिले के अधिक से अधिक पशुओं को टीकाकरण किया जाए।



रतिया। कैम्प में अतिथियों को सम्मानित करते कमेटी सदस्य।

## पंजाबी एवं नैतिक सिखलाई समर कैंप में बच्चों को दी दांतों की देखभाल की जानकारी

**रतिया।** गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब में चल रहे पंजाबी एवं नैतिक सिखलाई समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों को गुरमुखी शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर डेंटिस्ट डॉ. पीयूष अरोड़ा विशेष रूप से शामिल हुए और बच्चों को दांतों की सही देखभाल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सामाजिक कार्यकर्ता हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को मातृभाषा पंजाबी, गुरमुखी लिपि और संस्कृति से जोडऩे के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। डॉ. पीयूष अरोड़ा ने बच्चों को प्रतिदिन सुबह-शाम दांत साफ करने, मुंह की स्वच्छता बनाए रखने और दांतों को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी।

# तरुण चुघ को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने का किया स्वागत, मिठाई बांटी

- ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने खुशी जताई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। तरुण चुघ को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर मिठाई बांटते अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारी।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सूर्यवंशी तरुण चुघ को मध्य प्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किए जाने पर फतेहाबाद के पंजाबी समाज में भारी उत्साह है। इस ऐतिहासिक फैसले की खुशी में आल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी द्वारा फतेहाबाद स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया और लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। आल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तरुण चुघ जैसे जमीन से जुड़े और कर्मठ नेता को राज्यसभा भेजने का निर्णय बेहद सराहनीय है, जिससे पूरे पंजाबी समाज का मान बढ़ा है।

## विभाजन पीड़ितों को रिफ्यूजी कहना घोर निंदनीय : जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ।।।।।



प्रवीण जोड़ा

**फतेहाबाद।** भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत आए लाखों परिवारों को कुछ शरारती और समाज को बांटने वाली मानसिकता के लोग आज भी 'रिफ्यूजी' कहकर संबोधित कर रहे हैं। यह न केवल उन परिवारों का अपमान है, बल्कि देश के इतिहास, उनके बलिदान और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का भी अपमान है। भाजपा नेता ने कहा कि वर्ष 1947 में जब देश का विभाजन हुआ, तब लाखों हिंदू और सिख परिवारों ने अपने धर्म, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए पाकिस्तान में अपनी करोड़ों रुपये की जमीन-जायदाद, कारोबार, घर और संपत्ति छोड़ दी थी। उन्होंने अत्याचार, हिंसा और विस्थापन की पीड़ा झेली, लेकिन भारत माता के प्रति अपनी आस्था और निष्ठा को कभी नहीं छोड़ा। ऐसे लोगों को रिफ्यूजी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्त और धर्मरक्षक कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सहित पूरे देश के विकास में इन परिवारों का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने हिसार के युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# मताना में पर्यावरण दिवस, डीएसपी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- बोर्ड टॉपर्स और समाजसेवियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव मताना में अव्वल रही बेटियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बीच पर्यावरण को सुरक्षित रखने के संकल्प के साथ गांव मताना में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत भवन सहित गांव के अनेक सार्वजनिक स्थानों पर सघन पौधारोपण अभियान चलाया गया और ग्रामीणों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डीएसपी संजय बिश्नोई ने कहा कि आज के दिन हमारा कर्तव्य सिर्फ एक पौधा लगाना नहीं होना चाहिए, बल्कि जब तक वह पेड़ न बन जाए, तब तक उसका एक बच्चे की तरह पालन-पोषण करने का संकल्प भी हमें लेना होगा। महिला थाना फतेहाबाद की एसएचओ अरुणा ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। महिलाओं और युवाओं को पर्यावरण मुहिम से जुडऩे का आह्वान किया।

### ऑनलाइन टास्क के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** घर बैठे ऑनलाइन टास्क और रेटिंग देकर मोटी कमाई का लालच देने वाले अंतरराज्यीय साइबर ठगों के खिलाफ फतेहाबाद की साइबर क्राइम थाना पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने 3.08 लाख की ठगी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 37 हजार की नगदी भी बरामद की है। आरोपी की पहचान योगेन्द्र सिंह शेखावत निवासी केसरो, जिला झुंझुनूं, राजस्थान के रूप में हुई है। गौरतलब है कि इस हाईटेक ठगी गिरोह के चार आरोपियों को पुलिस पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। भोडिया खेड़ा निवासी विजय कुमार ने पुलिस को साइबर ठगी की शिकायत दी थी।

# नाबालिग को न्याय दिलाने के लिए संगठनों ने सीएम ने नाम ज्ञापन सौंपा

- कुरुक्षेत्र अस्पताल में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में न्याय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंची विभिन्न संगठनों के सदस्य।

सेंटर ऑफ ट्रेड यूनियन, जनवादी महिला समिति, सर्व कर्मचारी संघ, ऑल इडिया लॉयर्स यूनियन, किसान सभा सहित अनेक संगठनों ने नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र के डॉक्टर द्वारा नाबालिग लडक़ी के साथ दुराचार के मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कृपाशंकर त्रिपाठी, एडवोकेट बलबीर कौर गांधी, प्रोमिला, हमजिंद्र सिंह, रेखा, नीलम, एडवोकेट सुरेंद्र कौर, मदनलाल खोथ, वीरो रानी, हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति के जिला सचिव ललित सोलंकी सहित अन्य ने बताया कि लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में हुई यह घटना अत्यंत दुखद है। एक डॉक्टर जिस पर समाज रक्षक के रूप में भरोसा करता है, उसने एक नाबालिग मरीज के साथ घिनौना कृत्य किया है।

## बेटियों के जन्म पर सर्वश्रेष्ठ गांवों को सरकार देगी 5 लाख तक का पुरस्कार

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा द्वारा कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने और बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के तहत बेस्ट विलेज अवार्ड योजना क्रियांवित की जा रही है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में जन्म के समय सर्वाधिक लिंगानुपात (सेक्स रेशियो एट बर्थ) वाले गांव को सम्मानित किया जाता है। प्रत्येक जिले में सर्वाधिक जन्म लिंगानुपात वाले एक गांव को 1.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं पूरे हरियाणा में सर्वाधिक जन्म लिंगानुपात वाले गांव को 5 लाख रुपये का राज्य स्तरीय पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। पीएनडीटी नोडल अधिकारी डा. संजय कुमार ने बताया कि राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड के अनुसार केवल उन गांवों को चयन प्रक्रिया में शामिल किया गया है, जिनकी आबादी 5,000 या उससे अधिक है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नागरिक अस्पताल में प्रकृति संरक्षण का आह्वान

# पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा: डॉ. पवन

*सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार ने कहा पर्यावरण हमारे जीवन का आधार*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। नागरिक अस्पताल में बीज गेंद वितरित करते सिविल सर्जन।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नागरिक अस्पताल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में आने वाले बच्चों एवं आमजन को सीड बॉल (बीज गेंद) वितरित कर अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। वायु, जल, भूमि, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी तथा प्राकृतिक संसाधन मिलकर पर्यावरण का निर्माण करते हैं। यदि पर्यावरण स्वच्छ एवं संतुलित रहेगा तभी मानव जीवन सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध रह सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान देना चाहिए।

### पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था जुटी

जिला काउंसलर कमल कक्कड़ ने बताया कि नागरिक अस्पताल और पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था के संयुक्त प्रयास से 100 से अधिक लोगों तथा अस्पताल के अधिकारियों को सीड बॉल वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि यह प्रयोग विदेशों में भी सफलतापूर्वक अपनाया जा रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सिविल सर्जन ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि टोली के सदस्यों ऐसे जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

### सहयोग का आह्वान

प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. दहिया ने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य विषय क्लाइमेट एक्शन (जलवायु कार्रवाई) है, जो लोगों को कार्बन उत्सर्जन कम करने तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण गतिविधि टोली के सहयोग से नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों, कर्मचारियों और आमजन को सीड बॉल वितरित किए गए। जिला टोली से संजीव काटपाल, मित्रसेन, विनोद, आलोक, कृष्ण लाल सुथार तथा कविता सिहाग ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### सीड बॉल वितरित

नोडल अधिकारी डॉ. अभिजीत ने बताया कि सीड बॉल वितरण अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य संस्थानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, गुरुद्वारों तथा नागरिक अस्पताल में लोगों को पौधों के बीज वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षा ऋतु में इन बीजों से पौधे विकसित होंगे और सिरसा को अधिक हरा-भरा बनाने में सहायता मिलेगी।